# मोहनलालगंज में आकार ले रहा टेक्नोलॉजी हब

## 23 हजार वर्ग फीट में सीआईआईआईटी लैब का निर्माण शुरु, नए सत्र से एक परिसर में व्यावसायिक, डिप्लोमा व इंजीनियरिंग छात्रों को मिलेगा प्रशिक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** मोहनलालगंज में कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा को नई उड़ान मिलने जा रही है। करीब 23 हजार स्क्वायर फीट क्षेत्रफल में सीआईआईआईटी (सेंटर फॉर इन्वेंशन, इनोवेशन, इनक्यूबेशन एंड ट्रेनिंग) लैब का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। नए शैक्षणिक सत्र से यहां आईटीआई (व्यावसायिक), पॉलीटेक्निक (डिप्लोमा) और बीटेक (इंजीनियरिंग) छात्रों को एक ही परिसर में एडवांस टेक्नोलॉजी की ट्रेनिंग मिलेगी।

उप निदेशक प्रशिक्षण विजय बहादुर सिंह ने बताया कि टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से परिसर में 10 अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं विकसित की जा रही हैं। ये लैब पारंपरिक पढ़ाई से आगे बढ़कर विद्यार्थियों को वास्तविक उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करेंगी।

यहां पढ़ने वाले छात्र न सिर्फ आधुनिक तकनीकों से जुड़ेंगे, बल्कि कंपनी-आधारित ट्रेनिंग के जरिये रोजगार और स्टार्टअप की दिशा में भी कदम बढ़ा सकेंगे।

### 10 हाईटेक लैब में मिलेगा उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण

**■ इनोवेशन से इनक्यूबेशन तक... जहां छात्र बनेंगे क्रिएटर, सिर्फ जॉब सीकर नहीं**

सीआईआईआईटी का उद्देश्य इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थानों में उन्नत प्रौद्योगिकियों में कौशल विकास को बढ़ावा देना है। यह केंद्र उद्योग-अकादमिक साझेदारी, रोजगार क्षमता और प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन पर विशेष फोकस करेगा। प्रयोगशालाओं के माध्यम से छात्र आविष्कार, नवाचार, ऊष्मायन (इनक्यूबेशन) और अत्याधुनिक इंजीनियरिंग टूल्स में दक्षता हासिल करेंगे। साथ ही प्रोडक्ट डिजाइन से लेकर विनिर्माण तक की पूरी प्रक्रिया को समझते हुए स्टार्टअप के लिए खुद को सशक्त बना सकेंगे।

### कम फीस में एडवांस कोर्स, 10वीं-12वीं पास को मौका

सीआईआईआईटी में 3 से 24 महीने तक के एडवांस कोर्स आधारित व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू किए जाएंगे। 10वीं और 12वीं पास विद्यार्थियों को न्यूनतम शुल्क पर आधुनिक तकनीकी शिक्षा का अवसर मिलेगा। विभाग के अनुसार, यहां रेगुलर और सर्टिफिकेट कोर्स दोनों संचालित होंगे। खास बात यह है कि गैर-इंजीनियरिंग छात्र भी एडवांस ट्रेनिंग के आधार पर रोजगार के योग्य बन सकेंगे।

### जानिए किन-किन क्षेत्रों में मिलेगी ट्रेनिंग

डिजाइन इंजीनियरिंग, प्रोडक्ट डिजाइन, प्रोडक्ट वेरिफिकेशन एनालिसिस, प्रोडक्ट लाइफ साइकल मैनेजमेंट, पीएलएम एप्लीकेशन इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल और वैल्यू इंजीनियरिंग, ऑटो मेंटेनेंस और रिपेयर, इलेक्ट्रिक व्हीकल और कनेक्टेड ऑटो नॉमस व्हीकल, इलेक्ट्रिक व्हीकल रिपेयर, मेक्ट्रोनिक्स और एलओटी इंजीनियरिंग, मेक्ट्रोनिक्स और एलओटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग, रोबोट ऑपरेटर, मैन्युफैक्चरिंग एग्जीक्यूशन सिस्टम इंजीनियरिंग, एडवांस मैन्युफैक्चरिंग व मशीन ऑपरेटर सीएनसी थ्रीडी प्रिंटर लेजर कटिंग।